THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) Government would welcome any viable proposal for cooperativisation of NTC and other private sector textile mills. A number of discussions have been held with Labour Unions and many of the doubts have been clarified. Hoever, no concrete proposals have been received.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

निर्धन बुनकरों हेतु सीमांत राशि योजना (मार्जिन मनी स्कीम)

1075. **श्री आस मोहम्मद :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान आज तक निर्धन बुनकरों हेतु सीमांत राशि योजना के अंतर्गत राज्य वार कितने निर्धन बुनकरों को शामिल किया है ; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा कितना अनुदान दिया गया है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान आज तक मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत शामिल किए गए गरीब बुनकरों की राज्यवार संख्या :

क्र.सं.	राज्य का नाम	शामिल किए गए निस्सहाय बुनकरों की सं०
1.	आंध्र प्रदेश	5180
2.	असम	5550
3.	बिहार	7288
4.	गुजरात	160
5.	हिमाचल प्रदेश	280
6.	जम्मू व कश्मीर	319
7.	कर्नाटक	1908
8.	केरल	1339
9.	मध्य प्रदेश	235
10.	महाराष्ट्र	100
11.	मनिपुर	1300
12.	उड़ीसा	5750
13.	पंजाब	54
14.	राजस्थान	5
15.	तमिलनाडु	3819
16.	त्रिपुरा	100
17.	उत्तर प्रदेश	2826
18.	पश्चिमी बंगाल	550
	कुल	36,763

(खं) 1991–92 से 28.7.1994 तक केन्द्र सरकार ने इस योजना के अंतर्गत 498.71 लाख रुपये की राशि जारी की।

राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड और ब्रिटिश इण्डिया टैक्सटाइल्स कारपोरेशन हेतु परिवर्तित नीति की स्वीकृति

1080. **श्री आस मोहम्मद :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड और ब्रिटिश इंडिया टेक्सटाइल कारपोरेशन हेतु पूर्णतया परिवर्तित नीति की स्वीकृति प्रदान की है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड और ब्रिटिश इंडिया टेक्सटाइल्स कारपोरेशन हेतु यह नीति कहां तक सहायक सिद्ध होगी ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान प्रति वर्ष उक्त निगमों के आधुनिकीकरण हेतु कुल कितनी धनराशि दी गई और अब तक की निगम-वार उपलब्धि क्या रही है ;

(घ) क्या सरकार ने आठवीं योजनावधि में इन निगमों के आधुनिकीकरण हेतु निधियों के आवंटन के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है ;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में निगम-वार ब्यौरा क्या है ; और

(च) आठवीं योजनावधि के पहले वर्ष में लागू की गई आधुनिकीकरण योजना का ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी) : (क) और (ख) सशोधित सर्वांगीण सुधार योजना अभी तैयार की जा रही है।

(ग) वर्ष 1992–93 के दौरान आधुनिकीकरण के लिए नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन (एन.टी.सी.) को 20 करोड़ रू० की राशि रिलीज की गई थी लेकिन इस राशि को रोके रखा गया था। तथापि, नकदी की जटिल समस्या को ध्यान में रखत हुए जब तक सरकार संशोधित सर्वांगीण सुधार योजना पर विचार नहीं कर लेती तब तक एन. टी.सी. को वेतन और मजदूरियों का भगतान करने के लिए इस राशि को इस्तेमाल करने की विशेष अनुमति दी गयी थी। पिछले तीन वर्षों के दौरान ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन को आधुनिकीकरण के लिये कोई निधि रिलीज नहीं की गई।

(घ) और (ङ) सरकार ने एन. टी.सी. की मिलों के आधुनिकीकरण के लिए 532.78 करोड़ रु. का निवेश करने का अनुमोदन किया है, जिसका वित्त पोषण 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न स्रोत से किया जाएगा। इसमें से 83.96 करोड़ रु. राशि की बजटीय सहायता से परिकल्पना की गई है। बी.आई.सी. की वस्त्र मिलों के आधुनिकीकरण के लिए 29 करोड़ रु. के परिव्यय का अनुमोदन दिया गया था।

(च) आठवीं पंजवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष के दौरान अर्थात 1992–93 के दौरान एन.टी.सी. ने आधुनिकीकरण पर 56.72 करोड़ रु. की राशि खर्च की थी। ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन की आधुनिकीकरण पर कोई राशि नहीं खर्च की गई।

कपास का निर्यात

1081. **श्री राम जेठमलानी :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने प्रति वर्ष कपास के पांच लाख गट्ठरों का निर्यात स्थाई रूप से करने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि कपास के बदले धागों, कपड़ों और परिधानों के निर्यात से और अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सकती है और